दिन– सोमवार

दिनांक– 10 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्कूलों के परीक्षार्थियों के साथ संवाद किया। श्री मोदी ने देश के कई चुनिंदा विद्यालयों के साथ–साथ गया जिले के छात्र विराज कुमार के साथ भी संवाद किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों को परीक्षा के दौरान होनेवाले तनाव से निपटने के लिए कई सूत्र भी बताये। राज्य में विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और कई निजी स्कूलों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को प्रसारित किया गया। इधर, पटना के बेली रोड स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को और संवाद कार्यक्रम को काफी प्रेरणादायक बताया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नवादा पहुंचे इस दौरान उन्होंने जिले के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा की और पूर्ण की गई विभिन्न योजनओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रजौली प्रखंड के करी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही सकरी नदी पर रजौली के रोह तथा गोविंदपुर प्रखंड को जोड़ने वाले पुल और मार्ग का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने नवादा शहर में सिटी सर्विलांस के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाने की भी घोषणा की। श्री कुमार ने कहा कि नवादा में मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा। मुख्यमंत्री जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति को लेकर अब से थोड़ी देर बाद जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी करेंगे।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सुबह प्रयागराज के महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान और पूजा–अर्चना की।

————————————————————————

राज्य में जमीन सर्वे के लिए रैयत इक्कीस फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से स्वघोषणा और वंशावली जमा नहीं करवा सकेंगे। सर्वर में किये जा रहे बदलाव के कारण राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने यह निर्णय लिया है। भू–अभिलेख और परिमाप निदेशालय ने रैयतों से कहा है कि वे जमीन की स्वघोषणा अंचल स्थित शिविर कार्यालय में जाकर ऑफ लाईन जमा करा सकते हैं। स्वघोषणा जमा करने की ऑनलाइन व्यवस्था बाईस फरवरी से शुरू होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में मार्च दो हजार पच्चीस तक स्वघोषणा जमा करने का प्रावधान किया गया है। अब तक अठ्हत्तर लाख रैयत स्वघोषणा जमा करवा चुके हैं।

————————————————————————

श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज कहा कि केन्द्र सरकार ने महिलाओं के लिए वेतन असमानता और कार्यस्थल सुरक्षा जैसे मुद्दों को हल करने के लिए विधायी और अन्य उपाय किए हैं। श्री मांडविया ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने महिला श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए नियोक्ताओं के लिए सलाह सहित कई अधिनियम और वेतन संहिता लागू की है। मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए मिशन शक्ति, नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी महिला केंद्रित योजनाओं और राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों को भी लागू कर रही है।

————————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए जोर–शोर से कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

————————————————————————

समाप्त